## एक नजर में

### उत्कृष्ट विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों की सुरक्षा को लेकर उठाई आवाज़, प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की माँग

**मन्दसौर।** ज़िले की युवा कांग्रेस ज़िला महासचिव नेहा कनकमल जैन ने उत्कृष्ट विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में फैली आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है। विद्यालय में छोटे बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करते हुए नेहा कनकमल जैन ने कहा कि कई दिनों से स्कूल में आवारा कुत्तों की आवाजाही बनी हुई है। बच्चों को डर के माहौल में पढ़ाई करनी पड़ रही है। स्थानीय प्रशासन और नगर पालिका को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान नहीं दिया, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे का रूप ले सकती है। विद्यालय परिसर में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। नेहा कनकमल जैन ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि विद्यालय से आवारा कुत्तों को तुरंत हटाया जाए और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए स्थायी समाधान निकाला जाए। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इस पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं।

### समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव पद पर शहजाद हुसैन व सईद मोहम्मद नियुक्त




**मन्दसौर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फिरोज पठान ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव पद पर शहजाद हुसैन, सईद मोहम्मद मदारपुरा को नियुक्त किया है साथ ही मंदसौर नगर (दक्षिण) अध्यक्ष साबिर हुसैन नाहर सय्यद को बनाया है। जिलाध्यक्ष फिरोज पठान ने तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि भारतीय संविधान, समाजवादी विचारधारा, नीतियों और सपा प्रमुख श्री अखिलेश यादव के प्रति आपकी निष्ठा एवं व्यवहार को देखते हुए समाजवादी पार्टी में आपको उक्त पदों पर नियुक्ति प्रदान की गई है। आशा है आप राष्ट्रीय/प्रदेश एवं जिला कार्यालयों द्वारा निर्गत आदेशों निर्देशों का पालन करेंगे और अपने क्षेत्र में पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। समाजवादी पार्टी के जिले एवं नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने तीनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

### कम्बिंग गश्त में भानपुरा पुलिस को बड़ी सफलता, 8 गिरफ्तारी व 3 स्थायी वारंटी गिरफ्तार



**भानपुरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे फरार वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत भानपुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। थाना प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र दांगी के नेतृत्व में की गई कांबिंग गश्त के दौरान टीम ने कुल 8 गिरफ्तारी वारंटी और 3 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। साथ ही पुलिस ने सट्टा व अवैध शराब के प्रकरणों में 3 आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए शराब जप्त की तथा 18 गुंडा-निगरानी बदमाशों की जांच की। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी विजय यादव के मार्गदर्शन में की गई। इस सराहनीय अभियान में निरीक्षक रमेशचंद्र दांगी सहित उपनिरीक्षक बलवीर सिंह यादव, मेघराज आर्य, सुनील सिंह तोमर, सूर्यपाल मेहड़ा, शारदा तिवारी व पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

### लाड़ली बहना योजना से हंसा बनी आत्मनिर्भर



**मंदसौर।** मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ने मंदसौर की श्रीमती हंसा के जीवन में नई रोशनी भर दी है। योजना से मिली मासिक राशि को बचाकर उन्होंने सिलाई मशीन खरीदी और अब अपने हुनर से परिवार का संबल बनी हैं। पहले गुज़ारा मुश्किल था, पर अब हंसा आत्मनिर्भर हैं और गाँव की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बन गई हैं। श्रीमती हंसा कहती हैं, 'इस योजना ने सिर्फ आर्थिक सहारा नहीं दिया, बल्कि आत्मविश्वास भी दिया कि मैं अपने सपनों को अपने हाथों से सजा सकती हूँ।'

### मोरवन में खेत के कमरे में लगी आग, अज्ञात लोगों ने गाय-भैंस को बाहर निकाला



**नीमच।** जिले के जावद तहसील के ग्राम मोरवन में आगजनी की एक और घटना सामने आई है। मंगलवार रात में अज्ञात लोगों ने खेत पर बने कमरे का ताला तोड़कर अंदर बंधी गाय और भैंस को बाहर निकाला। इसके बाद उन्होंने सुकले (चारे) से भरे कमरे में आग लगा दी, जिससे कुछ ही मिनटों में पूरा कमरा जलकर खाक हो गया। सुबह जब किसान अपने खेत पर पहुंचा, तो उसने कमरे की दीवारें काली पड़ी देखीं और अंदर रखा सारा सुकला राख में बदल चुका था। घटना की सूचना तत्काल पुलिस और ग्रामीणों को दी गई। पीड़ित किसान रामनारायण राठौर ने बताया कि घटना के समय खेत पर कोई मौजूद नहीं था। सुबह मौके पर पहुंचने पर कमरे का टूटा ताला और जली हुई दीवारें देखकर उसे किसी की ओर से जानबूझकर आग लगाने का संदेह हुआ। किसान के अनुसार, पिछले कुछ महीनों से लगातार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जो एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा लगती हैं। गांव में यह चौथी आगजनी की घटना है। इससे पहले भी तीन किसानों के खेतों पर बने सुकले वाले कमरों में अज्ञात लोगों ने आग लगाई थी। लगातार हो रही इन घटनाओं से ग्रामीणों में भय और रोष व्याप्त है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। नगर परिषद अध्यक्ष और प्रशासन को भी इस घटना के बारे में जानकारी दी गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इन घटनाओं के पीछे शामिल लोगों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।

## हज यात्रा के नाम पर ठगी करने वाले दोनों आरोपी जोधपुर से गिरफ्तार

**▸ आरोपियों पर था 5 हजार रुपये का इनाम घोषित**

**मंदसौर।** हज यात्रा करवाने के नाम पर मंदसौर और उज्जैन के आठ पीड़ितों से 18 लाख 62 हजार रुपये की ठगी करने वाले दोनों आरोपियों को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक मंदसौर द्वारा 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पुलिस अधीक्षक श्री विनोद कुमार मीणा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेर सिंह बघेल तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह भास्कर के निर्देशन और थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

**घटना का विवरण :**
12 अप्रैल 2025 को पीड़ित मोहम्मद रशीद पिता वली मोहम्मद खान (निवासी जाली की मस्जिद के पास, शहर किला, मंदसौर) और अन्य सात लोगों ने हज यात्रा के लिए आरोपियों से संपर्क किया था। सभी पीड़ितों ने आरोपियों को कुल 18 लाख 62 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए थे। लेकिन आरोपियों ने न तो हज यात्रा की कोई प्रक्रिया पूरी की और न ही पीड़ितों के पैसे लौटाए।
जब लगातार मांग के बाद भी राशि नहीं लौटाई गई, तो पीड़ित मोहम्मद रशीद ने 18 सितंबर 2025 को थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। इसमें ट्रेवल थेरेपी नामक एजेंसी के मालिक सैय्यद हैदर और उसके साथी आवेश (दोनों निवासी जोधपुर, राजस्थान) पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया। इस पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 496/2025, धारा 318(4), 316(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

**आरोपियों की गिरफ्तारी:** जांच के दौरान दोनों आरोपी अपने ठिकानों से फरार मिले, जिस पर पुलिस अधीक्षक मंदसौर ने उनकी गिरफ्तारी पर 5,000 रुपये का इनाम घोषित किया। इसके बाद तकनीकी साक्ष्य और मुखबिरों की सहायता से कोतवाली पुलिस टीम ने पुन: जोधपुर जाकर दोनों आरोपियों —

1. ओवेश रजा उर्फ आवेश पिता मुर्तजा रजा (25 वर्ष)
2. सैय्यद हैदर अली पिता हारुन अली (33 वर्ष)

— दोनों निवासी जोधपुर, राजस्थान को गिरफ्तार किया।

दोनों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया है, ताकि ठगी की गई राशि की बरामदगी की जा सके।

**पीड़ितों में शामिल हैं:** शबीह पयामी, रफत पयामी, अख्तर सिद्दीकी, रईस अली पिता सुल्तान अली, शबशाद बी पति रईस अली (सभी निवासी मंदसौर), तथा जमीर उल हक और बुशरा (निवासी उज्जैन)।

**पुलिस टीम की भूमिका**
इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौर, उप निरीक्षक संदीप मोर्य, प्रधान आरक्षक कमलेश भदौरिया, आरक्षक अमित पाचाल, शैलेन्द्र सिंह, जितेन्द्र नागदा, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक आशीष बैरागी, प्रआर मुज्जफरउद्दीन और आरक्षक मनीष बघेल की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक मीणा ने इस सफल कार्रवाई के लिए टीम को बधाई दी है और इसे उत्कृष्ट समन्वय व तत्परता का परिणाम बताया है।

### कांग्रेस पदाधिकारियों का एसआइआर प्रशिक्षण संपन्न

**मनासा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआइआर) के तहत आज मनासा विधानसभा के नवनियुक्त बीएलए-2 एवं कांग्रेस पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम वर्धमान जैन धर्मशाला, मनासा में आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ज़िला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में तथा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनासा, रामपुरा एवं कुकड़ेश्वर के संयुक्त आयोजन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नीमच जिला प्रशिक्षक श्री अनूप जोशी (मंदसौर) तथा ज़िला संगठन मंत्री श्री बृजेश मित्तल ने उपस्थित पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण से संबंधित विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया।

## गोलीकांड और हत्या के प्रयास के दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देशन में की जा रही रात्रिकालीन काम्बिंग गश्त के दौरान थाना कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गोलीकांड और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर अपराधों के दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मीणा द्वारा 11 से 12 नवंबर की मध्यरात्रि को जिले के सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी काम्बिंग गश्त के निर्देश दिए गए थे। इस दौरान स्थाई व फरारी वारंटियों की धरपकड़, गुंडा व निगरानी बदमाशों की जांच और न्यायालय से जारी सम्मन/वारंट की तामीली के निर्देश भी दिए गए थे।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, नगर पुलिस अधीक्षक जे.एस. भास्कर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में 26 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की तीन टीम बनाकर कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 13 वारंटों की तामीली में सफलता हासिल की।

गश्त के दौरान थाना कोतवाली पुलिस ने आरोपी फिरोज पिता शरीफ मेवाती (36 वर्ष, निवासी एमआईटी चौराहा, मंदसौर) और ईकबाल उर्फ राजा पिता अनवर खान (22 वर्ष, निवासी मर्दादीन मोहल्ला, मंदसौर) को गिरफ्तार किया। आरोपी ईकबाल के विरुद्ध वर्ष 2022 में गोलीकांड का प्रकरण दर्ज था, जबकि आरोपी फिरोज पर वर्ष 2024 में पिस्टल से फायर करने का मामला दर्ज है। दोनों आरोपी न्यायालय से जमानत पर रिहा होने के बाद नियत तिथि पर पेश नहीं हुए थे, जिस पर उनके विरुद्ध स्थाई वारंट जारी किया गया था। दोनों आरोपी लंबे समय से फरार चल रहे थे, जिन्हें पुलिस ने काम्बिंग गश्त के दौरान गिरफ्तार किया। थाना कोतवाली पुलिस की इस कार्रवाई में शामिल समस्त पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।

### 14 नवम्बर को प्रभु महावीर का दीक्षा कल्याणक ''संयम दिवस'' के रूप में मनाया जाएगा

**मन्दसौर।** आचार्य भगवन 1008 श्री रामलालजी म.सा. की प्रेरणा से श्री साधुमार्गी जैन संघ ने निश्चय किया है कि 14 नवम्बर, शुक्रवार को प्रभु महावीर का दीक्षा कल्याणक को संयम दिवस के रूप में मनाया जायें। संघ अध्यक्ष श्री प्रकाशचंद्र जैन ने बताया कि समाजजन 14 नवम्बर को प्रात: 8.30 से 10.30 बजे तक समता सदन रोम टावर वाली गली नई आबादी मंदसौर पर तप-त्याग, सामयिक आराधना एवं प्रभु भक्ति का आयोजन किया जाएगा। इस दिन एक सामयिक की आराधना के साथ प्रभु भक्ति करने का निश्चय किया है। कार्यक्रम में वीर परिवार का सम्मान किया जायेगा एवं भगवान महावीर के संयम की अनुमोदना में तप-त्याग के प्रत्याख्यान किये जायेंगें। संघ अध्यक्ष श्री प्रकाशचंद्र जैन ने सम्पूर्ण जैन समाज से आग्रह किया है कि संयम दिवस के कार्यक्रम में पधारकर भगवान महावीर के दीक्षा कल्याणक को श्रद्धां एवं उत्साह से मनाये।




## किसानों ने लैंड पूलिंग एक्ट का किया विरोध, 18 नवंबर से उज्जैन में अनिश्चितकालीन धरना

**गरोठ।** भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसानों ने लैंड पूलिंग एक्ट के विरोध में 10 नवंबर को कृषि उपज मंडी परिसर में बैठक कर तहसीलदार अर्जुन भदोरिया को एसडीएम की अनुपस्थिति में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से संपूर्ण मध्यप्रदेश से लैंड पूलिंग एक्ट समाप्त करने, उज्जैन सिंह क्षेत्र की विकास योजनाओं (ष्ठञ्जस् 8, 9, 10, 11) के गजट नोटिफिकेशन रद्द करने तथा किसानों पर दर्ज प्रकरण वापस लेने की मांग की गई।

जिला मंत्री रामनिवास बैरागी ने कहा कि यह एक्ट किसानों की भूमि बिना सहमति के अधिग्रहित करने का छलावा है, जिससे उनका जमीन पर अधिकार समाप्त हो जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 18 नवंबर से उज्जैन में किसान बड़ी संख्या में पहुंचकर अनिश्चितकालीन 'घेरा डालो, डेरा डालो' आंदोलन करेंगे।

बैठक में श्रद्धेय दत्तोपंत ठेकड़ी की 105वीं जयंती भी मनाई गई। इस दौरान जिला अध्यक्ष कृपालसिंह सोलंकी, प्रांतीय सदस्य रघुनंदन पाटीदार, उपाध्यक्ष मेंसिंह सिसोदिया, सहमंत्री बाबूलाल धाकड़ सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



## 19 नवम्बर को मंदसौर पहुंचेगी यूनिटी मार्च — सरदार पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान

**मंदसौर। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 'यूनिटी मार्च' निकाला जा रहा है। यह यात्रा मंदसौर संसदीय क्षेत्र में 19 नवम्बर को पहुंचेगी, जिसका नेतृत्व सांसद सुधीर गुप्ता करेंगे।**

इस संबंध में भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित और प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई। दीक्षित ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधा, हमें उनके विचारों को युवाओं तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि यात्रा का शुभारंभ गुराडिया बालाजी से होगा, जो रलायता, सिंदपन, भुनियाखेड़ी, कृषि उपज मंडी, श्री कोल्ड चौराहा, रानी लक्ष्मीबाई चौराहा होते हुए सरदार पटेल चौराहा पहुंचेगी। मार्ग में किसान, व्यापारी, युवा और मातृशक्ति सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

प्रभारी धीरज पाटीदार ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से शामिल हों और यात्रा का भव्य स्वागत करें।

बैठक में भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण व यात्रा टोली सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### महावीर इंटरनेशनल ने सिविल अस्पताल के बालवार्ड में फल वितरित किए

**मन्दसौर।** महावीर इंटरनेशनल मंदसौर द्वारा सदस्य अभय पोखरना के सहयोग से सिविल अस्पताल के बालवार्ड में फल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के ताजे फलों का वितरण किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा और सहानुभूति की भावना को बढ़ावा देना था।

इस अवसर पर अध्यक्ष भागचंद खंडेलवाल ने बताया कि समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुँचाना महावीर इंटरनेशनल का प्रमुख लक्ष्य है। बच्चों के चेहरों पर खुशी देखकर सभी सदस्यों को संतोष और प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सेवा कार्यों में सभी को भागीदारी निभानी चाहिए।

## विद्युत विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों के फ्रिंज बेनिफिट संशोधित करने पर कर्मचारियों में हर्ष

**▸ यह लाभ संविदा कर्मचारी को भी दिया जाए- विद्युत फेडरेशन**

**मंदसौर।** म. प्र. शासन ऊर्जा विभाग भोपाल द्वारा प्रदेश के सभी नियमित विद्युत कर्मचारियों/अधिकारियों के फ्रिंज बेनिफिट संशोधित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। इस आदेश का लाभ 1 नवंबर 2025 से प्राप्त होगा। आदेश जारी होने से सभी विद्युत कर्मचारियों अधिकारियों में हर्ष व्याप्त है। म. प्र.विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री डी.एस. चंद्रावत ने पत्र लिखकर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर अतिरिक्त मुख्य सचिव नीरज मंडलोई का आभार व्यक्त किया है और अनुरोध किया है कि ऊर्जा विभाग में कार्यरत सभी संविदा कर्मचारियों को भी फ्रिंज बेनिफिट का लाभ दिया जाए। महंगाई के दौर में संविदा कर्मचारी को उपभोक्ता सेवा त्वरित करने में स्वयं के वाहन से प्रतिदिन भ्रमण करना होता हैं ऐसी स्थिति में उनको भी कन्वेंस भत्ता, जोखिम भत्ते कि पात्रता दी जाना चाहिए।

कन्वेंस भत्ता वर्तमान में 200 रूपये प्राप्त हो रहा था जिसको बढ़ा कर चतुर्थ श्रेणी को 1500 रुपए, तृतीय श्रेणी को 2000, द्वितीय श्रेणी को 3000, प्रथम श्रेणी को 5000 रुपए प्रतिमाह दिया जाएगा। तकनीकी कर्मचारी को मिलने वाले जोखिम भत्ते को 150 रूपये से बढ़ा कर 1000 रुपए किया गया है। जिन कर्मचारियों को विभागीय यूनिफार्म मिलती हैं उनको वाशिंग भत्ता वर्तमान में 50 रू. प्राप्त हो रहा था उसको बढ़ा कर 300 रू. कर दिया है। अन्य भत्ते भी पात्रतानुसार संशोधित किए गए हैं।




## पेंशनर महासंघ नाहरगढ़ इकाई की मासिक बैठक संपन्न, वरिष्ठजनों का हुआ सम्मान

**नाहरगढ़।** सेवानिवृत्त एवं पेंशनर नागरिक महासंघ जिला मंदसौर की नाहरगढ़ इकाई की मासिक मिलन बैठक स्थानीय धाकड़ समाज धर्मशाला में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता परमानंद धाकड़ ने की, जबकि जिला अध्यक्ष अशोक रामावत, उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे, कोषाध्यक्ष कोमल वाणवार एवं अजीजुल्लाह खान खालिद विशेष अतिथि रहे। बैठक में इकाई अध्यक्ष गणेशराम देवड़ा ने संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी और वार्षिक पारिवारिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। मुख्य अतिथि अशोक रामावत ने नाहरगढ़ इकाई को संगठन की सशक्त इकाई बताते हुए कहा कि यहां के सदस्य पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण में सदैव अग्रणी रहते हैं। उपाध्यक्ष रमेशचंद्र चन्द्रे ने वरिष्ठजनों से प्रसन्नचित्त रहकर आपसी मेल-जोल बनाए रखने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कई वरिष्ठ व नवीन सदस्यों का शाल-श्रीफल व दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। बैठक में नवीन इकाई अध्यक्ष के रूप में रामकृष्ण वैष्णव, उपाध्यक्ष डॉ. उत्तम सिंह नरवरिया एवं सचिव कैलाश गेहलोत का सर्वसम्मति से चयन किया गया। संचालन परमानंद धाकड़ ने किया तथा आभार धर्मेंद्र सोनी ने माना।

**एक नजर** ▸ **'मिलती है ज़िन्दगी में मोहब्बत कभी कभी'**

## प्रसिद्ध अभिनेता धर्मेन्द्र के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ की कामना के साथ संगीत संध्या आयोजित की

**मन्दसौर। शहर के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मंच दशपुर रंगमंच में मंगलवार शाम आयोजित एक विशेष सांस्कृतिक संध्या के दौरान बॉलीवुड के प्रतिष्ठित अभिनेता धर्मेन्द्र की शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ की कामना व्यक्त की। इस दौरान स्थानीय कलाकारों पर धर्मेन्द्र पर फिल्माए गीतों को गाकर उन्हें याद किया।**




संगीत संध्या में अभय मेहता ने गीत 'तुम्हें ज़िंदगी के उजाले मुबारक' प्रस्तुत किया। इसके बाद आबिद शाह ने अभिनेता धर्मेन्द्र की फिल्मों से चर्चित गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की जिसमें शामिल थे 'मुझे दर्द-ए-दिल का पता न था', 'मोहब्बत का सुना लूँ तो चलूँ, 'मैं कहीं कवि न बन जाऊँ' तथा 'हम बेवफा हरगिज़ न थे'।

हिमांशु वर्मा ने 'मैं तेरे इश्क में मर न जाऊँ कहीं' गाया; श्याम गुप्ता ने 'आज मौसम बड़ा बेईमान है' प्रस्तुत किया। ललिता मेहता ने 'पल पल दिल के पास तुम रहती हो' गीत से भाव-विभोर कर दिया; डॉ. ज्योति शुक्ला ने 'मिलती है ज़िन्दगी में मोहब्बत कभी कभी' सुनाया, तथा राजा भैया सोनी ने 'झिलमिल सितारों का आँगन होगा' गीत प्रस्तुत किया।

अंत में मंच पर एकत्र सभी ने धर्मेन्द्र जी के शीघ्र स्वास्थ्य-लाभ के लिए धार्मिक श्लोक एवं नवकार मंत्र गाए और सकारात्मक ऊर्जा से युक्त शुभकामनाएँ दीं। संचालन अभय मेहता ने किया एवं आभार प्रस्तुति ललिता मेहता ने की।